# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 अंक-136 | सागवाड़ा, बुधवार, 18 जनवरी, 2023 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## सोहराबुद्दीन एनकाउंटर के बाद 7 साल जेल रहे 'सुपर कॉप' हिमांशु राजावत संभालेंगे सागवाडा पुलिस की कमान

### IPS दिनेश एएनएम के क़रीबी और प्रभावित बताए जाते हैं सागवाडा के नए थानाधिकारी हिमांशु

**चंद्रेश व्यास।** 26 नवंबर 2005 को गुजरात एटीएस और राजस्थान एसटीएफ ने सोहराबुद्दीन एनकाउंटर किया था। इस एनकाउंटर की गूंज लंबे समय तक सत्ता के गलियारों तक गूंजी थी। राजस्थान एसटीएफ की टीम में हिमांशु सिंह राजावत नाम के सब-इंस्पेक्टर भी शामिल थे।

राजस्थान पुलिस के इंस्पेक्टर हिमांशु सिंह राजावत का नाम भी एनकाउंटर करने वाले पुलिसकर्मियों में शामिल था। हिमांशु को करीब 7 साल 3 महीने जेल में काटने पड़े थे। हालांकि बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी। साल 2018 में कोर्ट ने उन्हें निर्दोष साबित किया। आज हिमांशु राजावत को 'सुपर कॉप' के नाम से भी जाना जाता है और वह इसके अलावा कई अपराधियों को भी पकड़ चुके हैं। सुपर कॉप हिमांशु सिंह राजावत की कहानी कई




अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय जनता के लिए भी प्रेरणादायी रही है। 7 साल जेल में रहने के बावजूद वे अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहे और देश के प्रति ईमानदारी दिखाई। इतने दबाव, अपमान, पद से निलंबन और कई सवालों से गुजरते हुए हिमांशु सिंह राजावत डटे रहे और उन्होंने उम्मीद नहीं खोई। अपने नए थानाधिकारी से सागवाडा शहर की जनता को भी कई उम्मीदें हैं।

### सोशल मीडिया प्रोफ़ाइल किसी हीरो से कम नहीं

बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन एक बार राजस्थान में शूटिंग करने आई थीं। यहां हिमांशु सिंह की भी ड्यूटी लगी थी। हिमांशु को देखकर वह भी चौंक गई थीं और नाराज भी हो गई थीं। दरअसल सुष्मिता सेन उन्हें एक्टर समझ बैठी थी और देरी से आने पर नाराज होने लगी थीं। बाद में जब हिमांशु ने उन्हें बताया कि वह एक्टर नहीं बल्कि इंस्पेक्टर हैं तो वह मुस्कुराने लगीं।

### इनामी ड्रग तस्कर को पकड़ा

एक समय में 'लाला गैंग' का राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ इलाकों में दबदबा था। इस गैंग का मुख्य का इलाके में ड्रग तस्करी को बढ़ावा देना था। राजस्थान के प्रतापगढ़ में इस गैंग का संचालक शोएब लाला रहता था। शोएब के क्रिमिनल रिकॉर्ड का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उस पर मध्य प्रदेश में 25 हजार का इनाम था और राजस्थान में 10 हजार रुपए का। सूबे में ड्रग की तस्करी की खबर आला अधिकारियों तक पहुंची तो इसे रोकने की जिम्मेदारी हिमांशु सिंह राजावत को दी गई। हिमांशु ने भी अपना काम पूरी ईमानदारी से किया और 2012 से फरार शोएब का पूरा बायो-डेटा इकट्ठा किया। राजस्थान के प्रतापगढ़ में अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर हिमांशु ने शोएब लाला को गिरफ्तार भी किया। उसके पास से 'ब्राउन शुगर' जब्त की थी। जिसकी बाजार में कीमत करीब 45 करोड़ रुपए है।

## शहरी ओलंपिक में हर वर्ग और हर उम्र के लोगों को जोड़ने का आह्वान

### तैयारियों को लेकर पार्षद, संस्था प्रधान और शारीरिक शिक्षकों को हुई बैठक, खिलाड़ियों के पंजीयन पर दिया ज़ोर



**सागवाडा।** राजीव गांधी शहरी ओलिंपिक खेलों में सागवाडा में लक्ष्य के अनुरूप पंजीयन को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया की मौजूदगी में बैठक हुई। तहसीलदार डॉ. रमेश चंद्र वढ़ेरा और कार्यवाहक ईओ लालशंकर बुनकर ने पार्षदों, संस्था प्रधानों व शारीरिक शिक्षकों की बैठक में आयोजन के सफल संचालन को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश पर अधिकाधिक जनसहभागिता के लिए हर उम्र के लोगों को जागरूक कर अधिकाधिक पंजीयन कराया जाए। खोडनिया ने प्रधानों से अपने-अपने संस्थाओं में विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत पंजीयन कराने की बात की। खोडनिया ने बताया कि 35 वार्डों के 7 कलस्टर बनाए गए हैं और सभी वार्डों की कमेटियां बनाकर जिम्मेदारियां सौंपी गई है। पुनर्वास कॉलोनी स्कूल के संस्था प्रधान डायालाल पाटीदार ने कहा कि इस ओलंपिक को उत्सव की तरह लेना होगा इसके लिए शहर में माहौल तैयार करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। शारीरिक शिक्षक सुधीर भट्ट ने पंजीयन की प्रक्रिया समझाई। बैठक में तहसीलदार ने इसे विश्व का सबसे अनूठा आयोजन बताया। उन्होंने बताया कि अब आधार कार्ड से भी रजिस्ट्रेशन हो सकेगा और ओटीपी की ज़रूरत नहीं होगी। एसीबीओ प्रदीप सिंह चौहान ने सभी संस्था प्रधानों से कहा कि वे इस ओलंपिक में अधिक से अधिक बच्चों के पंजीयन के कार्य में जुट जाएँ। बैठक में संस्था प्रधान डायालाल पाटीदार, विनोद पाटीदार, शैलेश जोशी, देवेंद्र सिंह राणावत, वेलचंद पाटीदार, पार्षद अशोक रोह्न, किशोर भावसार बाबूलाल मालीवाल सहित कई संस्था प्रधान, शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे। संचालन चंद्रकांत जोशी ने किया।

### सात खेलों में 21 जनवरी तक होगा पंजीयन

सात प्रकार के खेलों में किसी भी उम्र के खिलाड़ी खेल में भाग ले सकेंगे।

रजिस्ट्रेशन 21 जनवरी तक करवाया जा सकता है। कबड्डी (महिला एवं पुरुष श्रेणी), टेनिस बॉल क्रिकेट (महिला एवं पुरुष श्रेणी), खो-खो (महिला श्रेणी), वॉलीबॉल (महिला एवं पुरुष श्रेणी), एथलेटिक्स (100 मी, 200 मी और 400 मी), फुटबॉल (पुरुष श्रेणी) व बास्केटबॉल (महिला एवं पुरुष श्रेणी) का आयोजन होगा। बता दें कि इस प्रतियोगिता के पहले चरण का आयोजन हो चुका है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया था।

## लालशंकर संभालेंगे अधिशाषी अधिकारी का पदभार



**सागवाड़ा।** स्थानीय निकाय विभाग उदयपुर के उप निदेशक क्षेत्रीय कुशल कुमार कोठारी ने पत्र जारी कर सागवाड़ा के नायब तहसीलदार लाल शंकर बुनकर को अपने कार्य के साथ साथ अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका सागवाडा के रिक्त पद का चार्ज दिया। कोठारी ने बताया कि जिला कलक्टर डूंगरपुर से दुरभाष वार्ता कर प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिम्मेदारी दी गई है साथ ही इन्हें समस्त वितीय अधिकार भी प्रदत्त होगे।

## तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक को मारी टक्कर, पिता की मौत, 6 साल का बेटा गंभीर घायल

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिता की मौत हो गई, जबकि उसका 6 साल का बेटा गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने डूंगरपुर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

उधर, हादसे के बाद दूसरी बाइक का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।थानाधिकारी अनिल देवल ने बताया कि पालपादर निवासी नरसिंह (37) पुत्र भगवान भगोरा अपने बेटे ध्रुपद (6) के साथ बाइक पर करोली गांव में अपने रिश्तेदार के घर आया था। यहां मिलने के बाद वह वापस अपने गांव पालपादर जा रहा था। इस दौरान रिजवा घाटी के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में नरसिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका बेटा घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया, जबकि मृतक के शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे तो पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर उनको सौंप दिया। वहीं अज्ञात बाइक के ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मृतक नरसिंह के दो बेटे और दो बेटियां है।

## सामूहिक खेलकूद प्रतियोगिता 12 को

**सागवाड़ा।** हरि मंदिर साबला में वागड़ प्रांतीय सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज बांसवाड़ा डूंगरपुर की प्रथम वॉलीबॉल प्रतियोगिता की पूर्व तैयारी बैठक महंत अच्युतानंद महाराज पीठाधीश्वर बेणेश्वर धाम के सानिध्य में हुई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा प्रचार समिति के अध्यक्ष हेमेंद्र उपाध्याय ने की व बांसवाड़ा जिला अध्यक्ष जितेंद्र पंड्या व राजेंद्र उपाध्याय परतापुर की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई। शिक्षा प्रचार समिति के सक्रिय सदस्य विनय भूषण भट्ट ने बताया की बैठक में राजेश जानी साबला एवं विद्याशंकर पाठक ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए बैठक आयोजित करने बिंदुओं की जानकारी दी। बैठक में दोनों जिलों की खेल कार्यकारिणी के सदस्यों ने आपसी विचार विमर्श कर आगामी 12 फरवरी 2023 रविवार को बेणेश्वर धाम पर शिक्षा प्रचार समिति के तत्वावधान में साबला इकाई द्वारा दोनों जिलों की संयुक्त खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में दोनों जिलों के इकाई अध्यक्षों, चोखरा अध्यक्षों, जिला कार्यकारिणी के सदस्यों, शिक्षा समिति के पदाधिकारी, आजीवन सदस्यों समाज के महानुभाव, युवा शक्ति एवं महिला शक्ति को आमंत्रित करते हुए एक विचार मंच का आयोजन दोपहर 12 से 3 तक तथा समापन समारोह 4 से 5 तक आयोजित किया जाएगा। खेलकुद प्रतियोगिता की सफलता के लिए चंद्रकांत व्यास सरोदा और योगेश भट्ट खेड़ा को जनरल रेफरी नियुक्त किया। वालीवाल प्रतियोगिता प्रात: 8 बजे से प्रारंभ होगी। दोनों जिलों की सेमीफाइनल में खेलने वाली चार चार टीमें इस प्रतियोगिता में भाग लेंगी। बैठक में सभी वक्ताओं ने सहयोग और सहकार की भावना से कार्य करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाने का आव्हान किया। बैठक में जगदीश मेहता, भवानी शंकर दवे, राकेश जोशी, भूपेंद्र पंड्या, त्रिलोक जानी, दिलीप पंड्या, गोमती शंकर दवे, भरत जानी, भूपेंद्र पंड्या, आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस- हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के मार्फ्त चुनावी तैयारी

**जयपुर।** कांग्रेस राजस्थान में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के मार्फत चुनावी तैयारी करेगी। 26 जनवरी से देशभर में कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू होने जा रहा है।

इसमें कांग्रेस राहुल गांधी की पदयात्रा के एक्सटेंशन के रूप में इसे लागू कर रही है। राजस्थान में इस अभियान को कांग्रेस दो तरह से देख रही है।

पहला, स्थानीय विधानसभा से जुड़ा विधायक, हारा हुआ प्रत्याशी या जो टिकट की तैयारी कर रहे हैं वो नेता डोर-टू-डोर चले जाएंगे। ऐसे में लोगों के बीच उनकी पकड़ कितनी मजबूत है, लोगों की उनसे क्या शिकायतें और उम्मीदें हैं ये उन्हें मालूम चल जाएगा। यह भी पता चलेगा कि चुनाव के दौरान उन्हें कितनी मेहनत करनी है। पार्टी ने हर जिले के लिए हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के पर्यवेक्षक लगाए हुए हैं। वे पार्टी को बताएंगे कि किस विधानसभा में किस मंत्री, विधायक, प्रत्याशी की क्या स्थिति है। अभियान के लिए पार्टी ने तीन स्तर पर मॉनिटरिंग रखी है। हर जिले में प्रभारी मंत्री पहले से हैं। इसके अलावा अभियान के संयोजक और पर्यवेक्षक दोनों लगा दिए हैं। इस अभियान में कांग्रेस किसी भी किस्म की ढिलाई नहीं देना चाहती।

अभियान के प्रदेश संयोजक आरसी खूंटिया पहले ही कह चुके हैं कि अभियान के दौरान प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और प्रदेश संयोजक आरसी खूंटिया अचानक पहुंचेंगे। जो नेता या कार्यकर्ता कोताही बरतेंगे, उनके लिए संगठन, टिकट या सरकार में जगह बनाना मुश्किल होगा।

## जैन मुनियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में डूंगरपुर में झारखंड के विधायक का खिलाफ पोस्टर जलाया

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर में जैन समाज ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के विधायक लोबिन हेम्ब्रम की ओर से दिगंबर मुनियों के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध जताया है। श्रीदिगंबर जैन महासमिति के नेतृत्व में जैन समाज के लोग मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर जमा हुए और आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले विधायक लोबिन हेम्ब्रम के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायक का पोस्टर भी जलाया गया। जैन समाज के लोगों ने विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। श्रीदिगम्बर जैन महासमिति के अध्यक्ष भरत नागदा के नेतृत्व में जैन समाज के लोग कलेक्ट्रेट पर जमा हुए। इस दौरान जैन समाज के लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के विधायक लोबिन हेम्ब्रम की ओर से जैन समाज के दिगंबर मुनियों के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध जताया और उसकी निंदा की। श्रीदिगंबर जैन महासमिति के अध्यक्ष भरत नागदा ने बताया कि जैन मुनियों ने सांसारिक जीवन त्यागकर संन्यास ग्रहण किया है। जैन मुनि समाज के धर्मगुरु होते है और वे आमजन को जियो और जीने का संदेश देते हैं, लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने सम्मेद शिखर तीर्थ क्षेत्र के मामले में दिगंबर जैन मुनियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है, जिसके चलते देशभर के जैन समाज में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने दिगंबर जैन मुनियों के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का विरोध जताया और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।





